सार-समाचार

बोहरा को फलोदी का अतिरिक्त प्रभार

देवीदयाल बोहरा

जैसलमेर, (नि.सं.)। प्रधान आयकर आयुक्त प्रथम जोधपुर के आदेशानुसार जैसलमेर आयकर अधिकारी देवीदयाल बोहरा को आयकर अधिकारी, फलोदी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। आयकर अधिकारी, फलोदी सुनील वैष्णव के आरोहण प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए नामांकित होने के कारण बोहरा को यह अतिरिक्त प्रभार मिला है। ज्ञात रहे कि जैसलमेर जिले के पोकरण कस्बे के मूल निवासी बोहरा हाल ही में आयकर अधिकारी जैसलमेर के पद नियुक्त हुए हैं। उनका फलोदी से भी गहरा सम्बन्ध है, इसी कारण फलोदी वासियों मे उत्साह का माहौल है।

पटेल ने जोधपुर में जन समस्याएं सुनी

जोधपुर, (कासं)। संसदीय कार्य, विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल ने शुक्रवार को जोधपुर सर्किट हाउस में जनसुनवाई कर आमजन की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को त्वरित आवश्यक कार्यवाही कर राहत प्रदान करने के निर्देश दिए। पटेल ने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के कुशल एवं संवेदनशील नेतृत्व में अंत्योदय एवं सुशासन के संकल्प को साकार करने के लिए कटिबद्ध होकर कार्य कर रही है। आमजन के कार्य नियत समय में हो इसके लिए सरकार द्वारा नियमित जनसुनवाई की जा रही है। उन्होंने कहा जनसुनवाई में प्राप्त परिवेदनाओं का नियमानुसार शीघ्र निस्तारण करके आमजन को राहत प्रदान की जा रही है। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा अधिकारी आमजन से संवाद रखकर जनहितैषी कार्यों को प्राथमिकता के साथ संपादित करें। सभी अधिकारी अपने विभागीय कार्यालयों की नियमित मॉनिटरिंग एवं औचक निरीक्षण करें। उन्होंने कहा अधिकारी एवं कार्मिक संवेदनशीलता एवं गंभीरता के साथ राजकीय कर्तव्यों का निर्वहन करें। पटेल ने जोधपुर एवं ठामीण क्षेत्रों से आए आमजन की समस्याओं को सुना और विश्वास दिलाया की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के साथ त्वरित रूप किया जाएगा। जनसुनवाई में शिक्षा, सड़क,चिकित्सा, विद्युत,पेयजल आपूर्ति सहित अन्य आमजन से संबंधित समस्याओं पर सुनवाई की।

डांडिया महोत्सव के पोस्टर का विमोचन

जोधपुर, (कासं)। नवरात्रा के उपलक्ष्य में 7 से 11 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सिद्धार्थ डांडिया महोत्सव के 5 दिवसीय कार्यक्रम क के पोस्टर का आज विमोचन किया गया। कार्यक्रम संयोजक विनोद सिंघवी ने बताया कि इस बार के इस 5 दिवसीय आयोजन में प्रत्येक दिन अलग – अलग गेस्ट थीम पर ये कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें पत्रकार गेस्ट, डॉक्टर्स गेस्ट, पॉलिटिकल गेस्ट, प्रषासनिक गेस्ट, सोषल एक्टिविस्ट गेस्ट इत्यादि की थीम पर अतिथि आमंत्रित होंगे। संयोजक भूपेन्द्र डांगी एवं जितेन्द्र सिंघवी ने बताया कि इस कार्यक्रम में शहरवासियो के लिए गरबा रास के अलावा आर्कशक गिफ्ट्स लक्की डॉ के माध्यम के प्राप्त कर सकेंगे, जिसमें पेड कूपन के प्रतिभागी लक्की ड्रा के द्वारा लाखो रूपये के ईनाम प्राप्त कर सकेगे। ये गिफट्स शुभम के माट्स एवं अनुपम एजेन्सी द्वारा दिये जायेगे। इसके अतिरिक्त इस आयोजन में भाग लेने वाले प्रतिभागियो के लिए प्रतिदिन बेस्ट कपल, बेस्ट डांस, बेस्ट ड्रेस, बेस्ट किड इत्यादि के उपहार दिये जायेंगे। कार्यक्रम के व्यवस्थापक सुनील ने बताया कि आयोजन में दिल्ली की मशहूर डी.जे. आर्टिस्ट डीजे नोमिता अपनी म्यूजिकल डांडिया रास की धुनो पर अपनी प्रस्तुति देगी। वही इस कार्यक्रम का संचालन राजस्थान के प्रसिद्ध मंच संचालक अरूणसिंह चैहान एवं पीयूश गौड करेंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन वी.एस. मॉल एवं विनोद ठ्रुप आफ कम्पनीज के सिद्धार्थ सिंघवी हैं द्वारा किया जा रहा हैं।

सुरक्षा गार्ड का शव लटका मिला

जोधपुर, (कासं)। फलोदी जिले के बाप उपखंड क्षेत्र बड़ीसीड स्थित सोलर प्लांट परिसर में लगे सुरक्षा गार्ड का शव एमसीआर रूम में फंदे से लटका मिला। सुरक्षा गार्ड टोपणराम (27) पुत्र मोहनराम मेघवाल कानसिंह का सिडा का रहने वाला था। सूचना के बाद बाप पुलिस मौके पर पहुंची और शव को सीएचसी बाप मॉर्च्युरी में रखवाया। आज सुबह घटना की सूचना मिलने पर बाप सीएचसी पर कल्याणसिंह की सिड सरपंच केशुराम मेघवाल,कृष्णपाल सिंह भाटी समेत मृतक के परिजन,ग्रामीण मॉर्च्युरी के बाहर धरने पर बैठ गए। लोगों ने मृतक के परिवार को एक करोड़ का मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को नौकरी और बाहरी मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करवाने की मांग की। कल्याणसिंह की सिड सरपंच केशुराम मेघवाल ने बताया कि जब तक हमारी सभी मांगे नहीं मानी जाएगी, तब तक शव नहीं उठाया जाएगा। बाप थाना अधिकारी मनोज सामरिया और पुलिस जाप्ता सीएचसी में मौजूद हैं। टोपणराम की तीन साल पहले शादी हुई थी। उसके एक साल का बेटा है। टोपणराम अभी अपने पिता का इकलौता बेटा था। पिता मानसिक बीमारी से ग्रस्त है। जिस कारण अब घर में कमाने वाला कोई नहीं है।

पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताया

पाली, (नि.सं.)। अणुव्रत उद्बोधन सप्ताह का चौथा दिन पर्यावरण दिवस के रूप में प्रथम चरण 4 अक्टूबर को मुनि सुमति कुमार जी के सानिध्य में मनाया गया। मुनि सुमति कुमार ने फरमाया कि वर्तमान वैज्ञानिक युग की प्रगति के चक्कर में प्रकृति का विनाश हो रहा है।इसी के साथ आज राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मानपुर भाकरी स्कूल में पर्यावरण दिवस मनाया गया। अणुव्रत समिति अध्यक्ष सुबुद्धि समदडिया ने बताया शुद्ध पर्यावरण के महत्व को आज दुनिया जितने शिद्धता से अनुभव कर रही है। संभवत मानव इतिहास में कभी भी नहीं किया होगा,या इसलिए है,क्योंकि मानव ने पर्यावरण को जितना नुकसान पिछली एक साला में पहुंचा उतना कभी नहीं पहुंचा। नूतन वाला कपिला ने कविता के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। स्कूल में वृक्षारोपण भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रह्माकुमारी से दिव्या बहन की उपस्थिति रही। उन्होंने बताया कि बहुत ही अच्छे ढंग से पृथ्वी,पानी, अग्नि,वनस्पति का संयमित प्रयोग कर, आवश्यकताओं को सीमित करके छोटे- छोटे संकल्पों से प्रकृति को बचाया जा सकता है। पुष्पा परिहार ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत अणुव्रत गीत संगान से हुई। प्रिंसिपल शिला कनौजिया,सुखदेव पालीवाल, भंवरसिंह गोरी आदि की उपस्थिति रही।

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर चर्चा की

पाली, (नि.सं.)। उपनिदेशक महिला अधिकारिता विभाग पाली में शुक्रवार को साथिन बैठक का आयोजन किया गया जिसमें बेटी बचाओं बेटी पढाओं के तहत कौशल विकास के महत्व, आत्मरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, बालिका जन्मोत्सव आदि जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने को कहा। उपनिदेशक भागीरथ ने समस्त साथिनो को अन्तराष्ट्रीय बालिका दिवस अन्तर्गत बेटी बचाओ बेटी पढाओ अभियान के तहत् बताया कि जिले में 02 अक्टूबर से 11 अक्टूबर 2024 तक जिला, ब्लॉक एवं ग्रामीण स्तर पर बेटी बचाओ बेटी पढाओं के अन्तर्गत बालिकाओं के बीच कौशल विकास के महत्व पर विशेष महिला सथा का आयोजन करना, आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम, प्रश्न उत्तरी प्रतियोगिता करना एवं जिला स्तर ब्लॉक स्तर एवं गामीण स्तर पर बालिका जन्मोत्सव मनाते हुए लैगिंक असमान्ता के बारे में जागरूकता कार्यक्रम करने को कहा गया। इसके साथ ही जिला हब एम्पावरमेन्ट ऑफ वूमन से जेण्डर स्पेशलिस्ट राजश्री द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढाओं की शपथ दिलाई गई। बैठक में सुपरवाईजर मधु, इन्दुबाला, मंजु सोनी एवं 22 साथिन उपस्थित रही। इन्दिरा महिला शक्ति केन्द्र प्रबन्ध प्रियंका द्वारा सामाजिक सप्ताह के बारे में जानकारी दी।

वन विभाग की पौधशाला में चोरी

जोधपुर, (कासं)। निकटवर्ती बड़ली रोड पर आए वन विभाग के औषद्यीय उद्यान में चोरों ने सैंधमारी करते हुए वहां लगी फाटकों को काट कर ले गए। इस बारे में अब पुलिस में मामला दर्ज कराया गया है। जिसमें अग्रिम जांच की जा रही है। राजीव गांधी नगर पुलिस के अनुसार वन रक्षक नाका कायलाना समाराम जाट ने मामला दर्ज कराया है। इनके अनुसार 26 सितबर की रात्रि के समय वन खंड अन्तर्गत बडली रोड पर बनी छापरी औषधीय उद्यान एवं आफरी वृक्षारोपण केन्द्र के चारों तरफ लगाई गई लोहे की फाटकों को चोरों द्वारा काट कर ले जाया गया है। कटर से संभवत: यह फाटकें काटी गई है। पुलिस ने अब प्रकरण में पड़ताल आरंभ की है।

जालोर कलैक्टर ने नरता में लोगों की समस्याएं सुनी

जालोर जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने नरता में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं, परिवेदनाओं के निवारण, सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के तहत शुक्रवार को जालोर जिले के समस्त ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर पंचायत स्तरीय जनसुनवाई शिविरों का आयोजन किया गया। जनसुनवाई शिविरों में आमजन की परिवेदनाएँ प्राप्त कर प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने भीनमाल पंचायत समिति के नरता ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयोजित पंचायत स्तरीय जनसुनवाई के दौरान आमजन की समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण के लिए संबंधित ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुँचाने के साथ ही जनता की समस्याओं पर प्रभावी मॉनिटरिंग करते हुए परिवादों के मौके पर ही निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य, सफाई सहित विभिन्न विभागों से संबंधित 6 परिवाद प्रस्तुत हुए जिनकी सुनवाई करते हुए जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने विभिन्न परिवादों का मौके पर ही निस्तारण किया तथा शेष प्रकरण राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज कर निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा अपने-अपने विभाग से संबंधित केन्द्र व राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलैक्टर भीनमाल दौलतराम चौधरी, भीनमाल उपखण्ड अधिकारी शैतान सिंह, विकास अधिकारी रमेश कुमार शर्मा, डिस्कॉम के अधिशासी अभियंता भरत देवड़ा, पीएचईडी के अधिशासी अभियंता हेमन्त वैष्णण, स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

मंत्री ने लघु उद्योग भारती के उत्पादों की सराहना की

लघु उद्योग भारती पाली की महिला इकाई की स्वयंसिद्धा प्रदर्शनी एवं मेले का कलैक्टर एल.एन. मंत्री एवं उनकी पत्नी ने अवलोकन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

पाली, (नि.सं.)। लघु उद्योग भारती पाली की महिला इकाई द्वारा स्वयंसिद्धा प्रदर्शनी एवं मेले का आज जिला कलैक्टर एल.एन. मंत्री एवं उनकी पत्नी ने अवलोकन किया एवं प्रत्येक महिला उद्यमी से उनके द्वारा कुटीर एवं लघु उद्योग के माध्यम से बनाए जा रहे उत्पादों को देखकर उनकी सराहना की।

जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक सैयद रजाक अली ने भी सभी महिला उद्यमियों से उनके उत्पाद एवं उनके उद्योग के बारे में जानकारी भी प्राप्त की।

लघु एवं कुटीर उद्योगों में सरकार द्वारा भी कई प्रकार की योजनाएं चलाई गई है, उनके संदर्भ में भी जिला कलैक्टर और जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक ने महिला उद्यिमयों को जानकारी दी एवं उनके कार्य में सरकार की विविध योजनाओं के माध्यम से किस प्रकार अपने व्यापार को बढ़ा सके इसकी भी चर्चा की।

आज के मेले में जोधपुर लघु उद्योग भारती महिला इकाई की अध्यक्ष मोना हरवानी के नेतृत्व में महिलाओं का टीम पाली इस प्रदर्शनी एवं मेले को देखने आयी, उन सभी का पाली महिला इकाई के सदस्यों ने स्वागत किया। विभिन्न प्रकार के उत्पादों को देखने पाली शहर की महिलाओं की आज दिनभर भीड़ लगी रही।

लघु उद्योग भारती की इस प्रदर्शनी एवं मेले में आशा भूतडा, रेनू बम्ब, नेहा मेहता, भारती गुप्ता, खुशबू दुबे, सुनयना भंसाली, अनीता पारख, शीतल दाधीच, वर्तिका गोयल, दिव्या गोयल, हिना राजपुरोहित, मधु लसोड, उर्मिला पंवार, पिंकी कोठारी, निकिता श्रीमाल, कविता लश्करी सहित महिला सदस्यों ने व्यवस्थाओं को संभाला।

जालोर व सांचौर जिले में निवेश के लिए आमंत्रित किया

जालोर, (कासं)। जालोर व सांचौर जिले में विकास के लिए निवेश प्रोजेक्ट को लेकर बड़े औद्योगिक घरानों को जालोर-सांचौर में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया जा रहा हैं। इस संबंध में 15 अक्टूबर को सांचौर व 28 अक्टूबर को जालोर जिले में जिला स्तरीय निवेश सम्मेलन आयोजित किया जायेगा।

- 15 अक्टूबर को सांचौर व 28 को जालोर जिले में निवेश सम्मेलन

जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक संग्राम राम देवासी ने बताया कि सम्मेलन से पूर्व जालोर जिले में 205 करोड़ एवं सांचौर जिले में 50 करोड़ के प्रस्ताव आ चुके हैं। जालोर, भीनमाल, जसवंतपुरा, रानीवाड़ा व सांचौर में प्रोजेक्ट लगाने को लेकर उद्यमियों ने सहमति दी हैं। यह निवेश पर्यटन, ग्रेनाईट टाईल्स एण्ड स्लेब, सोलर एनर्जी, सीमेंट, ईंट, खाद्य प्रसंस्करण, डेयरी व अन्य क्षेत्र से संबंधित है।

जालोर जिले में ग्रेनाईट टाइल्स, पीवीसी पाईप, सोलर एनर्जी प्रोजेक्ट, होटल एण्ड रिसोर्ट आदि, भीनमाल में होटल रिसोर्ट, सीमेंट ईंट, खाद्य प्रसंस्करण, डेयरी आदि को स्थापित करने तथा सांचौर में सोलर प्रोजेक्ट, एग्रो यूनिट व होटल आदि में निवेश के लिए उद्यमी आगे आ रहे हैं।

उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय निवेश सम्मेलन से पूर्व 500 करोड़ के निवेश का लक्ष्य रखा गया हैं। सम्मेलन की तैयारियों को लेकर प्रशासन एवं निवेशकों के साथ लगातार बैठकों का आयोजन किया जा रहा हैं।

टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 6 से

जालोर, (कासं)। जिला टेनिस बॉल क्रिकेट संघ जालोर की ओर से आयोजित सीनियर पुरुष व महिला जिला स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 6 अक्टूबर से मिया मोटन शाह दरगाह ग्राउण्ड जालोर सुबह 9 बजे से प्रारम्भ होगी।

पुरूष व महिला खिलाडी अपना रजिस्ट्रेशन सचिव लियावत खान के पास रविवार सुबह पहुंच कर करवा सकते हैं। खिलाडी साथ में आधार कार्ड, मार्कशीट, बैंक डायरी की दो दो कॉपी व 2-2 फोटो (रंगीन) साथ लेकर आये। प्रतियोगिता में चयनित खिलाडी राज्य स्तरीय सीनियर टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 13 से 15 अक्टूबर तक और जैसलमेर में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

मानस रामलीला स्थल का भूमि पूजन व ध्वजारोहण किया

हाईटेक लाइट एंड साउंड शो के रूप में मानस रामलीला 25 से 27 अक्टूबर तक जोधपुर में होगी। मल्टी लेवल स्टेज पर होने वाले इस आयोजन के लिए भूमि पूजन व ध्वजारोहण संपन्न हुआ।

जोधपुर, (कासं)। युवाओं में राम के आदर्शों को स्थापित करने के उद्देश्य से हाईटेक लाइट एंड साउंड शो के रूप में मानस रामलीला 25 से 27 अक्टूबर के दिन जोधपुर में मंचित होगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मल्टी लेवल स्टेज पर संपन्न होने वाले इस आयोजन के लिए भूमि पूजन और ध्वजारोहण आज वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ।

इसी के साथ रामलीला हेतु भव्य मंच निर्माण कार्य भी प्रारंभ किया गया।

आदर्श विद्या मंदिर, केशव परिसर, कमला नेहरू नगर में रामलीला आयोजन समिति द्वारा स्वामी रामप्रसाद महाराज के सान्निध्य में 'मानस रामलीला' के आयोजन हेतु भूमि पूजन पंडित राजेश दवे व उनके सहयोगियों द्वारा विधिवत सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर मानस रामलीला के लेखक अयोध्या प्रसाद गौड, निर्देशक अरू-स्वाति व्यास, मुख्य संरक्षक सत्यनारायण धूत, स्वागताध्यक्ष देवेन्द्र बुडिया, अध्यक्ष निर्मल गहलोत, महामंत्री राधेश्याम रंगा, कोषाध्यक्ष महावीर चौपडा, सुरेश व्यास, एम डी शर्मा, पूनाराम जांगिड, नरपत सांखला, शिवजी सोनी, तारासिंह सांखला, महेश गहलोत, राजीव मून्दडा, महेश पुरोहित, हरीश लोहिया,नरेश सुराणा, मृदुल सालेचा, तरूण गहलोत, राजू मेहता, महेन्द्र दवे, लालसिंह राजपुरोहित, दलपत वैष्णव, किशोर सिंह, मिश्रीलाल प्रजापति, माधवदास वैष्णव, ओम प्रकाश माहेश्वरी, प्रदीप कछवाहा, किशन गहलोत, देवाराम कुडिया, गोपाल राजपुरोहित, चेतन प्रकाश सेन, अशोक संचेती, संग्राम, देवेन्द्र डागा, महेन्द्र राजपुरोहित , संपत राज, सहदेव प्रजापत, सुरेश, अमराराम कुमावत, भूर सिंह, एम.एम. सिंघवी, एन.सी. अग्रवाल, राजेश, टीकम, बाबूलाल सोनी, महेन्द्र उपाध्याय, वरुण धाणदिया, दिलीप लड्ढा, संपत भाटी, जितेन्द्र सिंह, रमेश भंडारी, रामनिवास मंडा, महेन्द्र पित्ती, महक राम बिश्नोई, सज्जन सिंह, सुषमा, शशि गोयल, धनपूर्णा, चेतना, पुष्पा, प्रमिला, जितेन्द्र साँखला, राजेन्द्र मेहता, कुणाल भण्डारी, जितेन्द्र कच्छवाहा, पवन वैष्णव, एस.एन. भार्गव, विमल सोनी, प्रह्लाद बजाज, हंसराज बाहेती, मनोहर टाक इत्यादि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

मानस रामलीला मंचन के दौरान 300 से अधिक प्रतिभाशाली कलाकारों की जीवंत प्रस्तुति होगी।

अत्याधुनिक क्रोमा तकनीक, जीवंत ग्राफिक्स, और विशेष इफेक्ट्स से सजी इस रामलीला में पहली बार हनुमान जी और कुंभकरण के विशाल रूप का सिनेमेटोग्राफिक अनुभव दर्शकों को मिलेगा।

लाइट एंड साउंड की डिजिटल यात्रा के साथ रामायण के हर दृश्य का सजीव प्रदर्शन किया जाएगा और पुष्पक विमान से प्रभु श्री राम के दर्शन का आनंद प्राप्त होगा।

सार-समाचार

मंदिरों में हो रहे हैं भजन-कीर्तन

जोधपुर, (कासं)। शारदीय नवरात्रि के अवसर पर माता की भक्ति के रंग में शहर रंगा हुआ नजर आ रहा है। शहर के विभिन्न गली-मोहल्ले से लेकर प्रमुख मंदिरों में आयोजन हो रहे है। श्रद्धालु कार्यक्रमों में शिरकत कर माता रानी से सुख- समृद्धि की मंगल कामना कर रहे हैं। शहर में 9 दिन तक चलने वाले नवरात्रि पर्व के उत्सव में हर कोई बढ़-चढक़र अपनी भागीदारी निभा रहा है। शहर में अलग-अलग जगह पर गरबा के पांडाल भी सजाए गए हैं। जहां पर गरबा के भक्ति गीतों पर श्रद्धालु डांडिया भी खनका रहे हैं। भक्ति और शक्ति के इस संगम पर्व पर सुबह से लेकर शाम तक माता रानी की आराधना कर श्रद्धालु मनोकामना मांग रहे हैं। दईजर लाछा बासनी स्थित संवित धाम आश्रम में शारदीय नवरात्रि महोत्सव के तहत स्वामी संवित् नारायण गिरि महाराज ने विश्व कल्याण और सनातन संस्कृति की रक्षार्थ संकल्प लिया। संवित साधनायन संस्थान के उपाध्यक्ष दिनेश चंद्र सिंहल और डा सीएस कल्ला ने बताया कि इस दौरान भगवती गिरि राजेश्वरी का देवी पूजन हुआ और सामूहिक दुर्गा सप्तशति का प्रथम पाठ हुआ। अष्टमी तक सुबह 6.30 बजे से 9.30 बजे तक नित्य सामूहिक दुर्गा सप्तशति का पाठ हो रहा है। महेश हर्ष, शेखर थानवी, कमलेश पनिया,दिनेश जोशी, महेश बोहरा, शैलेश व्यास, डा विमला पुरोहित, सुशीला नागर, जगदीश पुरोहित, मंजू पुरोहित, डा हेमांगी पुरोहित, रामराज पुरोहित, आलोक सोलंकी सहित अनेक साधक सामूहिक दुर्गा सप्तशती का पाठ कर रहे है।

नाहटा अस्पताल का निरीक्षण

बालोतरा, (निसं)। उपखण्ड अधिकारी अशोक कुमार ने शुक्रवार को राजकीय नाहटा चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। उपखण्ड अधिकारी अशोक कुमार ने नाहटा चिकित्सालय का निरीक्षण कर उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सकीय सेवाओं की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने प्रमुख चिकित्सा अधिकारी संदीप देवात को मरीजों को बेहतर एवं समुचित चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की समस्त जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मरीजों को मिले, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होने मौसमी बीमारियों से बडी ओपीडी से चिकित्सालय में मरीजों के लिए पर्याप्त एवं पुख्ता व्यवस्थाएं सुनिश्चित के निर्देश दिए। उन्होनें कहा कि मरीजों को चिकित्सालय में किसी प्रकार की दिक्कत न हो और यह सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उन्होंने अस्पताल में आने वाले हर मरीज को मुफ्त दवाई और जांच कराने को कहा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री नि:शुल्क दवा योजना के काउंटर और अस्पताल में दवा स्टोर पर पहुंच उपलब्धता की जानकारी ली। उपखण्ड अधिकारी ने सभी चिकित्सा कार्मिकों को कहा कि ओपीडी के समय अपने अपने कक्षों में उपस्थित रहे और मरीजों को देखे। इस दौरान उन्होने अस्पताल में संचालित अन्नपुर्णा रसोई का भी अवलोकन कर संचालक को निर्धारित मेन्यू के अनुसार शुद्ध एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध करवाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही अस्पताल परिसर के रैन बसेरा का निरीक्षण कर उन्होने नियमित साफ सफाई रखने के निर्देश दिये। इस दौरान प्रमुख चिकित्सा अधिकारी संदीप देवात साथ रहे।

आहोर में किशोरी मेला आयोजित

आहोर, (निसं)। आहोर शहर में केजीबावि छात्रावास में शुक्रवार को ब्लॉक स्तरीय किशोरी मेले का आयोजन किया गया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता सीबीईओ मनोहर सिंह मेहरू ने की, जबकि विधायक प्रतिनिधि के तौर पर भाजपा पदाधिकारी जेठूसिंह मांगलिया एवं शंकरदान चारण मौजूद रहे। इनके अलावा जिला परिषद सदस्य मांगीलाल प्रजापत, वरिष्ठ पत्रकार खीमाराम परिहार,भाजपा नेता मिश्राराम मेघवाल, हिम्मताराम मेघवाल, एडीपीसी ईश्वर सिंह, अशोक सिंह मांगलिया सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी बतौर अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मंचासीन अतिथियों ने बालिका सशक्तिकरण पर अपने विचार व्यक्त किए। मेला संयोजक एवं प्रधानाचार्य अंशुबाला ने प्रतिवेदन प्रस्तुत कर कहा कि मेले में 71 प्रतिभागियों ने भाग लिया है। मेले में भाग लेने वाली किशोरियों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी में शिक्षा, पर्यावरण व महिला सशक्तिकरण को लेकर मॉडल व चार्ट प्रस्तुत किए गए। मेले में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाली किशोरियों को प्रमाण पत्र व पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया इससे पूर्व बालिकाओं के साथ अतिथियों की ओर से फीता काट कर विधिवत मेले का शुभारंभ किया गया। इसके बाद अतिथियों ने मेले में लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। अवलोकन बाद मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर समारोह की शुरुआत की। मंचासीन अतिथियों का साफा व माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस मौके विधालय के शिक्षक व एसडीएमसी सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन गार्गी मंच की ओर से किया गया। अंत में प्रधानाचार्य अंशुबाला ने आगंतुक सभी मेहमानों का आभार प्रकट किया।

बालोतरा को राज्य स्तरीय सम्मान

बालोतरा, (निसं)। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में उत्कृष्ठ कार्य करने पर नगर परिषद बालोतरा को जयपुर में स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में स्वायत्त शासन विभाग के मंत्री श्री झबर सिंह खर्रा एवं स्थानीय निकाय विभाग के निदेशक कुमार पाल गौतम द्वारा सम्मानित किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर परिषद आयुक्त मधराज डूडी ने बताया कि भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के द्वारा नगर परिषद बालोतरा का चयन किया गया। समारोह में राजस्थान में 15 निकायों को पुरस्कार प्रदान किए गए है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत बालोतरा नगर परिषद द्वारा स्ट्रीट वेंडर्स को कैंम्प लगाकर सर्वाधिक ऋण वितरण का कार्य किया गया। जिस पर रवच्छ भारत दिवस 2 अक्टूबर को राज्य स्तरीय समारोह में नगर परिषद बालोतरा द्वारा पीएम स्वनिधि योजना में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर पंचायतीराज संस्थान जयपुर में स्वायत्त शासन विभाग के मंत्री श्री झाबर सिंह खर्रा एवं स्थानीय निकाय विभाग के निदेशक कुमार पाल गौतम द्वारा प्रशस्ति पत्र एव स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार सामुदायिक संगठक इस्लाम खांन ने ग्रहण किया।

जे.डी.ए. के भूखंडों की ई-नीलामी जारी

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी के कुशल नेतृत्व एवं निर्देशन में प्राधिकरण आय के स्त्रोत बढाने हेतु विभिन्न योजनाओं के भूखण्डों, सुविधा क्षेत्रों, व्यावसायिक, औद्योगिक भूखण्डों की ई-नीलामी की जा रही है। इसी क्रम में प्राधिकरण द्वारा ई-नीलामी में राजीव गांधी नगर योजना के भूखण्डों की नीलामी में शुक्रवार को 03 भूखण्डों का विक्रय किया गया। प्रभारी अधिकारी नीलामी शाखा संदीप सान्दू ने बताया कि शुक्रवार को राजीव गांधी नगर योजना सेक्टर एफ के भू.सं. 356, 357 व 374 की ई-नीलामी की गयी। जेडीए को भूखण्डों की नीलामी में 14,800/- प्रति वर्गमीटर की उच्चतम बोली दर प्राप्त हुई। इसी प्रकार जेडीए द्वारा बुधवार दिनांक 09 अक्टूबर को ग्राम मोकलावास आनन्द विहार योजना के भू.सं. ए-1, ए-7, ए-12, ए-13 व ए-17 की नीलामी की जाएगी, आवेदकों द्वारा उक्त भूखण्डों के लिए 08 अक्टूबर तक नियमानुसार धरोहर राशि जमा करवाकर 09 अक्टूबर को 12:30 बजे तक ऑनलाईन बोली लगाते हुए ई-नीलामी में भाग लिया जा सकता है। ई-नीलामी से संबंधित विस्तृत जानकारी, नियम एवं शर्तें जोधपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाईट पर देखी जा सकती हैं।

कॉलेज में अंतिम सूची का प्रकाशन

जालोर, (कासं)। वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जालोर में प्रथम सेमेस्टर अन्तिम वरीयता व प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर (इतिहास, अर्थशास्त्र व एम.कॉम - ए.बी.एस.टी.) में अन्तरिम रूप से प्रवेशित सूची प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। प्राचार्य अर्जुन सिंह उज्ज्वल ने बताया कि अभ्यर्थियों द्वारा मूल प्रमाण पत्रों की जाँच करवाने की अन्तिम तिथि 5 अक्टूबर है। अभ्यर्थियों द्वारा ई-मित्र पर शुल्क जमा कराने की अन्तिम तिथि 7 अक्टूबर है। उक्त तिथि तक मूल दस्तावेजों का प्रमाणीकरण व ई-मित्र पर फीस जमा न कराने पर प्रवेश रद्द हो जावेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी अभ्यर्थी स्वयं की होगी। महाविद्यालय में प्रात: 10 बजे से 3 बजे तक प्रवेश प्रभारी द्वारा मूल दस्तावेज की जाँच की जायेगी।

अशोक गहलोत आज जोधपुर आएंगे

जोधपुर, (कासं)। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पांच अक्टूबर को जोधपुर आएंगे। वे कई दिनों बाद जोधपुर आ रहे है। इसको लेकर कार्यकर्ताओं ने तैयारियां शुरू कर दी है। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत शनिवार को दोपहर 12.40 बजे जयपुर से प्रस्थान कर पौने दो बजे जोधपुर पहुंचेंगे। वे यहां निजी कार्यक्रमों में भाग लेंगे। उनके कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है।